हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 7 अप्रैल 2026



06 किसानों की समस्याओं पर किसान कांग्रेस और भाकिसं...



07 पार्षद के नेतृत्व में परेशान व्यापारियों ...



## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल आज आएंगे



**विदिशा।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मंगलवार शाम 4 बजे विदिशा आएंगे। 4:30 बजे वह जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे तथा जिला टोली की बैठक लेकर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करेंगे। इसके बाद वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने बताया कि श्री खंडेलवाल पंडित उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दुर्गानगर मंडल के प्रथम दिवस के समापन सत्र में भी शामिल होंगे। सभी कार्यक्रमों के बाद रात 11 बजे विदिशा से रवाना होंगे।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा में रोशन प्रदेश में तृतीय



**विदिशा।** भोपाल स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित राज्य स्तरीय भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025–26 के पुरस्कार वितरण समारोह में विदिशा जिले के छात्र रोशन यादव ने प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया। शांतिकुंज हरिद्वार से आए राष्ट्रीय संयोजक रामेंद्र तिवारी ने उन्हें सम्मानित किया। रोशन यादव कक्षा 10 के छात्र हैं और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पबई में अध्ययनरत हैं। परीक्षा संचालन में उत्कृष्ट सहयोग हेतु पठारी के शिक्षक जगदीश कुमार श्रीवास्तव का भी सम्मान हुआ। जिला संयोजक रश्मि पोरवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### मन्नूपुरा में नरवाई में आग, प्रशासन ने समय रहते पाया काबू

**विदिशा।** ग्यारसपुर तहसील के मन्नूपुरा गांव और सियासी चक्क गांव में नरवाई में आग लगने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया। तहसीलदार सौरभ वर्मा पटवारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी किसान के मौके पर मौजूद न होने से नुकसान का तत्काल आकलन नहीं हो सका। आग लगने के कारणों की प्रारंभिक जांच जारी है। नियमानुसार पंचनामा तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 13 को आईटीआई में युवा संगम का आयोजन

**विदिशा।** जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे शासकीय आईटीआई परिसर में 'युवा संगम' का आयोजन होगा। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग और एमएसएमई विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला लगेगा। विभिन्न निजी कंपनियां साक्षात्कार लेकर चयन करेंगी। 10वीं उत्तीर्ण, 18 से 35 वर्ष आयु के युवा अंकसूची सहित भाग ले सकेंगे।

### नरवाई न जलाकर दिया पर्यावरण संरक्षण संदेश

**विदिशा।** जिले में कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में चल रहे नरवाई प्रबंधन अभियान के तहत नटेरन विकासखंड की ग्राम पंचायत मोहनपुरा के प्रगतिशील कृषक रामबाबू धाकड़ ने प्रेरक उदाहरण पेश किया है। उन्होंने गेहूं कटाई के बाद अवशेषों को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधित किया। एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल व कृषि अधिकारी जगदीश गुर्जर की मौजूदगी में यह कार्य हुआ। कृषक ने सुपर सीडर व अन्य यंत्रों से भूमि उर्वरता संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण का संदेश देते हुए किसानों से नरवाई न जलाने की अपील की।

# शिफ्टिंग खर्च बचवाने सिंचाई की 11 केवी पंप लाइन जेई ने लाइनमैन को नौकरी से हटाने का दबाव बनाकर बंद कराई, फिर भवन निर्माणकर्ता से दीवार में चुनवाई


## जेई संदीप नामदेव पर सांठगांठ के आरोप, ऑडियो वायरल होने के बाद बिजली कंपनी के अधिकारियों ने दिए जांच के निर्देश, कार्रवाई की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले के ग्राम वर्धा में एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक किसान की 11 केवी पंप लाइन को कथित रूप से निर्माणाधीन मकान की दीवार में चुनवा दिया गया। आरोप है कि मकान मालिक रमेश किरार ने बिजली कंपनी के जेई संदीप नामदेव से सांठगांठ कर किसान की लाइन बंद करवाई और अपने मकान की दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार काशीबाई धाकड़ के खेत तक 25 केवीए ट्रांसफार्मर से 11 केवी की लाइन गई हुई थी। इसी बीच रमेश किरार ने अपने मकान की दूसरी मंजिल पर दीवारें उठाने का काम शुरू किया। निर्माण स्थल के बीच से गुजर रही लाइन को बंद कराकर दीवार में चुनवा दिया गया। आरोप है कि जेई संदीप नामदेव ने लाइनमेन को नौकरी से हटाने और वरिष्ठों के निर्देश का हवाला देकर लाइन बंद करने के लिए दबाव बनाया। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे शमशाबाद में पदस्थ सहायक प्रबंधक संदीप नामदेव के निर्देश पर काशीबाई के ट्रांसफार्मर से जुड़ी लाइन बंद कर दी गई। इसके तुरंत बाद मिस्त्रियों को बुलाकर 11 केवी लाइन के तार मकान की दीवारों में चुनवा दिए गए। इससे किसान की फसल पर संकट गहरा गया है।

### जेई और किसान के बीच बात का ऑडियो वायरल

लाइन बंद होने से परेशान किसान और जेई के बीच हुई फोन पर बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें जेई कथित रूप से एसडीएम के मौखिक आदेश का हवाला देते सुनाई दे रहे हैं, जबकि किसान आदेश की लिखित प्रति और कारण पूछ रहा है। सूत्रों के अनुसार, लाइनमेन को भी दबाव और धमकी देकर लाइन बंद कराई गई।



### जेई बोले: खेत में मूंग क्या मुझसे पूछकर लगाई थी

काशीबाई के बेटे ने जेई से संपर्क कर लाइन चालू कराने का निवेदन किया। उसने बताया कि खेत में मूंग की फसल लगी है और सिंचाई न होने से नुकसान हो रहा है। आरोप है कि इस पर जेई ने तीखे लहजे में जवाब देते हुए कहा, मूंग क्या मुझसे पूछकर बोई थी? वहां कोई लाइन नहीं है। पहले कागजात लेकर आइए, फिर बात करेंगे। किसान का कहना है कि ट्रांसफार्मर अनुदान योजना के तहत स्थापित किया गया था और बिना सूचना लाइन काटना गलत है।

### जांच करा रहे

मामला संज्ञान में आया है। इस तरह की कार्रवाई करने वाले संबंधित जेई के खिलाफ जांच के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। - **अरविंद कुमार वर्मा डीई बिजली कंपनी शमशाबाद**

बिना सूचना मनमाने तरीके से लाइन बंद करने पर पीड़ित काशीबाई ने थाने में आवेदन देकर पुलिस से हस्तक्षेप करते हुए लाइन चालू करने का भी आग्रह किया है, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## कृषि उपज मंडी में गेहूं की नीलामी अचानक बंद कर देने पर किसान आक्रोशित हो गए

# कम दाम और डिजिटल पर्ची विवाद से फूटा किसानों में आक्रोश, हाईवे पर लगाया जाम

**व्यापारी बोले: समस्याओं से मंडी सचिव और एसडीएम को अवगत कराया लेकिन समाधान नहीं होने पर नीलामी रोकी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कृषि उपज मंडी में गेहूं की नीलामी अचानक बंद होने से नाराज किसानों ने सोमवार को हंगामा किया। आक्रोशित किसानों ने मंडी के बाहर प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया और व्यापारियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान सड़क पर यातायात बाधित रहा, जिससे आम लोगों को परेशानी हुई।

किसानों का आरोप था कि उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उनका कहना है कि शनिवार को जो गेहूं 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा था, वह सोमवार को 2100 रुपए तक गिर गया।

किसानों ने अचानक नीलामी बंद करने को अन्याय बताते हुए तत्काल नीलामी शुरू करने और उचित दाम दिलाने की मांग की। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अड़े रहे और मंडी परिसर के बाहर प्रदर्शन जारी रखा। व्यापारियों ने नई मंडी में बुनियादी सुविधाओं और दुकानों की कमी को भी एक बड़ी समस्या बताया। उनका आरोप है कि उन्होंने इन समस्याओं से मंडी सचिव और एसडीएम को पहले ही अवगत कराया था, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ, जिसके कारण उन्हें नीलामी रोकनी पड़ी।

व्यापारियों ने यह भी तर्क दिया कि मिल क्वालिटी गेहूं का बाजार भाव लगभग 2300 रुपए प्रति क्विंटल है, लेकिन परिवहन और अन्य खर्चों के कारण उन्हें कम कीमत पर खरीद करनी पड़ती है। उन्होंने समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जल्द शुरू करने की भी मांग की।



विदिशा। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे किसानों को समझाइश देने पहुंचे पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी।

### डिजिटल पर्ची नहीं अपना पाए सभी व्यापारी

दूसरी ओर व्यापारियों ने नीलामी बंद करने के पीछे अपनी मजबूरियां बताईं। उनका कहना है कि मंडी समिति ने हाल ही में मैन्युअल भुगतान पर्चियों को बंद कर केवल कंप्यूटरीकृत पर्चियों को अनिवार्य कर दिया है। अधिकांश व्यापारी अभी पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था में नहीं आ पाए हैं।

### एसडीएम शर्मा ने दिया स्पष्टीकरण

एसडीएम क्षितिज शर्मा ने स्पष्ट किया कि मंडी बोर्ड के निर्देशानुसार कंप्यूटरीकृत पर्चियां अनिवार्य हैं। इस संबंध में व्यापारियों को पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्थिति को देखते हुए अस्थायी रूप से मैन्युअल पर्चियों की अनुमति दी गई है। व्यापारियों को जल्द से जल्द डिजिटल व्यवस्था अपनाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क किनारे शराब दुकान का विरोध कर रहे 9 व्यापारी गिरफ्तार, देर रात जमानत

## व्यापार महासंघ के हस्तक्षेप के बाद रात 10:30 बजे पेशी कराई गई, 11 बजे एसडीएम कोर्ट ने किया रिहा



विदिशा। रात में एसडीएम कार्यालय पहुंचे शहर के व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खरीफाटक मेन रोड पर शराब दुकान खोले जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे 9 व्यापारियों को सिविल लाइन पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार किया। बढ़ते विरोध के बाद सिविल लाइन थाने के टीआई आरके मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए 9 व्यापारियों को हिरासत में लेकर थाने ले गए। सभी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। रात करीब 9:30 बजे घटना की जानकारी मिलते ही व्यापार महासंघ के महामंत्री नरेंद्र सोनी और उपाध्यक्ष आशीष माहेश्वरी थाने पहुंचे। महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन ने मुंबई में होने के बावजूद मोबाइल पर चर्चा कर सहयोग किया। पदाधिकारियों की मांग पर रात 10:30 बजे एसडीएम कोर्ट में पेशी कराई गई। एसडीएम क्षितिज शर्मा ने विशेष रूप से कोर्ट खुलवाकर रात 11 बजे सभी व्यापारियों को जमानत दे दी। महामंत्री नरेंद्र सोनी ने कहा कि व्यापारियों के हितों की रक्षा करना महासंघ का प्रथम कर्तव्य है।

पहले शराब दुकान गली में खोली गई थी, जिस पर स्थानीय लोगों ने सहमति जताई थी। लेकिन बाद में आबकारी विभाग द्वारा दुकान को मुख्य सड़क पर शिफ्ट करने का फरमान जारी कर दिया। जिससे क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने प्रदर्शन किया।

# संदीपनि विद्यालय का परिणाम विवादों में: जांच समिति की रिपोर्ट के बाद 4 अतिथि शिक्षक ब्लैकलिस्टेड किए

- स्कूल के नियमित शिक्षकों को भी कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

शासकीय संदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटेरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम अत्यंत खराब रहने के कारण मामला पिछले कई दिनों से मीडिया की सुर्खियों में बना हुआ है।

जिलेभर में इसको लेकर हलचल मची हुई है तथा जनप्रतिनिधियों ने भी नाराजगी व्यक्त की है। जिला कार्यालय द्वारा प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी कर जांच समिति गठित की गई थी। समिति की रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद पांच नियमित शिक्षक श्याम दास बैरागी, महिपाल यादव, प्रतीक शर्मा, राकेश पंथी एवं शिक्षिका ऋणी शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं कक्षा 9 में अध्यापन कराने वाले चार अतिथि शिक्षक महेंद्र शर्मा, उन्नति, हिफजान एवं रितिका भील को 30 प्रतिशत से कम परिणाम के चलते पद से हटाते हुए ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। विद्यालय में कक्षा 9वीं के चार सेक्शन में कुल 328 विद्यार्थी दर्ज थे, जिनमें से केवल 87 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए, जबकि 241 अनुत्तीर्ण रहे। सेक्शन डी में 91 विद्यार्थियों में से मात्र एक छात्र के उत्तीर्ण होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। संस्था प्रभारी श्याम दास बैरागी द्वारा मीडिया में दिए गए बयान को भी गैर-जिम्मेदाराना मानते हुए इसे मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन बताया गया है। अभिभावकों ने शिक्षकों पर ट्यूशन के लिए दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं, जिसकी जांच जारी है।

# फंड होने के बाद भी भुगतान नहीं, सात माह में सब्र टूटा एसएटीआई कॉलेज के 120 कर्मचारी हड़ताल पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सात महीने से वेतन न मिलने से नाराज एसएटीआई कॉलेज के 120 शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है।

कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण बच्चों की फीस, बैंक ऋण की किश्तें और दैनिक खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को आवेदन और ज्ञापन दिए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कॉलेज के पास पर्याप्त फंड होने के बावजूद वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि संस्था को करोड़ों रुपए का अनुदान और विद्यार्थियों से फीस के रूप में अच्छी-खासी राशि प्राप्त होती है, लेकिन प्रबंधन भवन निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है, जबकि कर्मचारियों को उनका हक नहीं मिल रहा।




विदिशा। कर्मचारियों ने शुरू किया धरना।

### जब तक वेतन नहीं, तब तक आंदोलन का ऐलान

एसएटीआई कॉलेज 1956 में स्थापित एक प्रतिष्ठित संस्था है, जिसे सिंधिया रियासत ने शुरू किया था और वर्तमान में यह शासन द्वारा वित्तपोषित है। कर्मचारियों के अनुसार, पिछले एक वर्ष से अनुदान की राशि नहीं मिलने से स्थिति बिगड़ती चली गई, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें सात महीने से वेतन नहीं मिल पाया है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर किसान संघ ने ज्ञापन सौंपा

# ब्याज में राहत व मूंग पंजीयन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ, तहसील ग्यारसपुर द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी शशि मिश्रा को सौंपा गया।

ज्ञापन में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तिथि बार-बार बढ़ाए जाने से किसानों को हो रही परेशानियों को प्रमुखता से उठाया गया। किसानों का कहना है कि खरीदी प्रक्रिया में देरी से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उनकी आय प्रभावित हो रही है।

ज्ञापन में सहकारी बैंकों द्वारा शून्य प्रतिशत ब्याज पर दी जाने वाली ऋण सुविधा की समय सीमा न बढ़ाए जाने पर भी नाराजगी जताई गई। किसानों ने कहा कि समयावधि समाप्त होने से उन पर अतिरिक्त ब्याज और दंड का बोझ पड़ रहा है, जिससे आर्थिक संकट गहरा रहा है। किसान संघ ने मांग की कि गेहूं खरीदी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जाए और किसानों को समर्थन मूल्य का पूरा लाभ मिले। समिति स्तर पर तुलाई कांटे लगाने की व्यवस्था करने की भी मांग की गई, ताकि छोटे किसानों को परेशानी न हो। साथ ही ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी का पंजीयन शीघ्र प्रारंभ करने की मांग भी प्रशासन से की गई।



ग्यारसपुर। मांगों को लेकर ज्ञापन देते हुए किसान।

### गर्मी के चलते स्कूलों के समय बदला, शिक्षकों को 1.30 तक रुकना होगा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने सभी शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। जारी निर्देशानुसार कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आगामी आदेश तक स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होंगे। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। वहीं शैक्षणिक स्टाफ को दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य किया गया है। आदेश का पालन तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# डिजिटल अभियान से सरकार की नीतियों को उजागर करेगी कांग्रेस

**विदिशा।** सोमवार को जिला कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला, विधानसभा एवं ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों के साथ डिजिटल रणनीति, कंटेंट समन्वय और आगामी कार्यक्रमों के रोडमैप पर चर्चा की गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि शीघ्र ही पूरे जिले में डिजिटल अभियान चलाकर सरकार की जनविरोधी नीतियों को सोशल मीडिया के माध्यम से जनता तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक सोनी ने कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। जिला प्रभारी कपिल पाल ने पंचायत स्तर तक डिजिटल टीम को सक्रिय करने पर जोर दिया। गोविंद भार्गव ने सोशल मीडिया को संगठन की बड़ी ताकत बताया।

### देवखजूरी में शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई

**विदिशा।** देवखजूरी में शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि हर शिक्षक 10 लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे नीमताल स्थित गांधी प्रतिमा पर शुरू होगा, जहां से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कृष्ण गोपाल राय ने टीईटी से शिक्षकों को मुक्त करने और वरिष्ठता संबंधी मांगों को लेकर सरकार से निवेदन करने की बात कही। बैठक में अतुल शर्मा, हरिओम सेन, बल्लभ शर्मा मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5725
सरसों
न्यूनतम भाव-4040
उच्चतम भाव-7499
चना
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-5645
मसूर
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-8710
शरबती
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4500
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3016
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2135
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2520
उच्चतम भाव-3155
धनिया
न्यूनतम भाव-9760
उच्चतम भाव-10800
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-3300
बटरी
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-4000
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-1470
मटर
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-3800
अलसी
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7000

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 43746 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### स्कूल समय में बदलाव

**गंजबासौदा।** लगातार बढ़ते तापमान एवं भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को लेकर स्कूल समय में बदलाव का आदेश जारी किया है।
आदेश में कहा गया है कि जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं सीबीएसई शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षाएं प्रातः 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित की जाएंगी। वहीं शैक्षणिक स्टाफ को दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य रहेगा, ताकि अन्य प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य सुचारू रूप से संपादित किए जा सकें। परीक्षाओं का संचालन पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही किया जाएगा। इसके साथ ही मूल्यांकन कार्य भी अपने निर्धारित समय पर यथावत जारी रहेंगे। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

# चना, मसूर खरीदी शुरू,तिवड़ा मिले होने पर पहले दिन हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

लंबे इंतजार के बाद सोमवार को आखिरकार समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर की खरीदी शुरू हो गई, लेकिन पहले ही दिन किसानों के चने में तेवडा मिला होने से हंगामा खडा हो गया। शाम तक तुलाई को लेकर गहमा गहमी बनी रही, लेकिन बाद में किसानों को अपनी उपज लेकर वापस लौटना पडा।

यहां उल्लेखनीय है कि इलाके में सोमवार से चना मसूर की खरीदी शुरू कर दी गई है। जीवाजीपुर स्थित मार्केटिंग सोसायटी के केन्द्र पर सोमवार को ग्राम फरीदपुर डायला के शुभम रघुवंशी, हनुमत सिंह रघुवंशी, पबई के गोला यादव, आकाडोंडा के धीरेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य किसान चना मसूर लेकर पहुंचे। जहां चने में तेवडा और मसूर में कचरा होने से उनकी



उपज तौलने से इंकार कर दिया गया, जिस पर किसानों ने एसडीएम से लेकर सभी अधिकारियों को शिकायत की, लेकिन उपज में तेवडा मिला होने से प्रशासन के आदेश के तहत उनकी उपज नहीं तौली जा सकी। हांलाकि किसानों ने केन्द्र पर छांव एवं शीतल जल की व्यवस्था न होने पर भी रोष व्यक्त किया। किसानों का कहना था कि उनका स्लॉट 28 से बुक है और दो दिन बाद स्लॉट की अवधि खत्म हो जाएगी। जबकि खरीदी आज से ही शुरू हुई है, ऐसे में वे अपनी उपज कैसे तुलवा पाएंगे। उधर मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक प्रमोद रघुवंशी के अनुसार उन्हें शासन से तेवडा मिक्स चना न लेने और सभी उपज पूरी तरह साफ और गुणवत्तायुक्त लेने के निर्देश हैं। ऐसे में वे नियमों का पालन करने हुए ही खरीदी की प्रक्रिया अपना रहे हैं।

## मुख्यमंत्री से की किसानों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग

# किसानों की समस्याओं पर किसान कांग्रेस और भाकिसं ने ज्ञापन सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जहां किसान कांग्रेस ने नवीन मंडी में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, तो वहीं भारतीय किसान संघ ने भी नगर एवं त्योंदा में ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग रखी।

नवीन मंडी परिसर में सोमवार की दोपहर किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री वीर सिंह रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक जैन, तोरण सिंह रघुवंशी, मोहित रघुवंशी, विनीत दांगी की उपस्थिति में किया गया तथा किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु इस प्रदर्शन के दौरान एसडीएम अनुभा जैन को एक ज्ञापन सौंपा गया।

दूसरी ओर दोपहर बाद भारतीय किसान संघ की गंजबासौदा इकाई और त्योंदा इकाई द्वारा अलग अलग ज्ञापन सौंपे गए। इन सभी ज्ञापनों में मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार से मांग की गई है कि समय सीमा में चना, मसूर एवं गेहूं तुलाई की जाऐ, समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार बार बढ़ाने पर किसानों में रोष व्याप्त है। जहां









सरकार किसानों की आय आठ गुना तक बढ़ाने की बात कर कृषि वर्ष मना रही है वहीं सहकारी बैंको द्वारा 0% ब्याज पर सेवा सहकारी संस्था की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाए जाने पर किसानों को साल भर का 7% ब्याज एवं 14% दंड लग रहा है, इससे किसानों पर आर्थिक बोझ आ गया। क्योंकि सरकार ने गेहूं खरीदी की तारीख 10 अप्रैल कर दी और सोसायटी के पैसे जमा करने की तिथि 28 मार्च ऐसे में किसान पैसे कहां से जमा करेंगे, ऐसे में करीब 60% किसान डिफाल्टर हो गये हैं। पिछले वर्ष के डिफाल्टर किसानों को सरकार द्वारा ब्याज की राशि वापस करने का वादा किया गया था जो आज तक पूरा नहीं हुआ है। इसलिए ऋण जमा करने की तिथि 31 मई की जाए, वहीं गेहूं की पराली जलाने पर किसानों पर FIR करना गलत है। सरकार जब पराली के निष्पादन के लिए कोई स्थाई हल नहीं निकाले तब-तक किसानों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाए, इस बार किसानों ने गेहूं का बंपर उत्पादन किया है सरकार को 11 क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से गेहूं की खरीदी करना चाहिए और सरकार बारदान कि कमी बताकर खरीदी प्रति बीघा कम करने का षड्यंत्र कर रही है, यह करके सरकार किसान विरोधी मानसिकता को दिखा रही है। ग्रीष्म कालीन मूंग खरीदी का पंजीयन शीघ्र प्रारंभ करें, तुलाई केन्द्रों की संख्या को बढाया जाए और धर्मकांटे से तुलाई की जाए ताकि गेहूं की तुलाई जल्द हो सके। मंडी में तौल कांटों की संख्या बढाई जाए, मंडी में किसानों के लिए पीने के पानी और छाया की उचित व्यवस्था की जाए, सभी फसलों की मण्डी में समर्थन मूल्य से कम मूल्य पर खरीदी पर रोक लगाई जावे। गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी 2 दिवस में चालू की जावे।

मण्डी प्रांगण में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर और गदंगी को हटाया जाऐ। उपज विक्रय के बाद तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए, खरीदी प्रक्रिया में मसूर की खरीदी सरकार द्वारा 2 क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से बढ़ाकर 4 क्विटंल प्रति बीघा की जाए। खेतों पर लटक रहे बिजली तारों को दुरूस्त किया जाए, मंडी में पुलिस चौकी एवं सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाए। मंडी में किसानों के लिए सर्व सुविधायुक्त काम्पलेक्स की व्यवस्था की जाए।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सोमवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी के कार्यालय पर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ध्वजारोहण किया गया एवं संगठन के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से चर्चा की गई एवं भाजपा पार्टी की मजबूती व जनजन की सेवा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को मिष्ठान का वितरण किया गया। इस दौरान अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शराब दुकान हटाने प्रदर्शन जारी हनुमान चालीसा पाठ किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार से रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर नगर के युवाओं ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जो सातवे दिन सोमवार को भी जारी रहा। दिन भर धरना चला और शाम को ब्राह्मण समाज द्वारा धरने को अपना समर्थन दिया गया और धरना स्थल पर ही हनुमान चालीसा पाठ का भी आयोजन किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि शराब दुकान व्यस्त क्षेत्र में स्थित है। पास ही प्राचीन श्री राम जानकी, हनुमान मंदिर है, साथ ही समीप ही रेलवे स्टेशन होने के कारण महिलाओं और नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है। धरने में शामिल युवाओं ने बताया कि शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं और हर बार आश्वासन मिलने के बाद भी आज तक दुकान को नहीं हटाया गया। सातवे दिन ब्राह्मण समाज ने धरने में शामिल होकर अपना समर्थन दिया। वहीं रात्रि 8.30 बजे से धरना प्रदर्शन स्थल पर हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। इससे पूर्व इस धरना प्रदर्शन में भाजपा एवं कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर अपना समर्थन दिया है। अब इस मुहिम में शेष संगठन, संस्थाएं, पार्टियां एवं आम नागरिक भी शामिल हो रहे हैं।

# विधायक, नपाध्यक्ष ने प्याऊ का शुभारंभ किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इन दिनों जल गंगा अभियान अंतर्गत नगर सहित ग्रामीण अंचलों में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जगह जगह प्याऊ का शुभारंभ किया जा रहा है। इसी के तहत सोमवार को बरेठ रोड नया बस स्टैण्ड पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्याऊ का पूजन अर्चन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने अनेक लोगों को शीतल पेयजल पिलाया। इस दौरान अनेक लोग मौजूद रहे।

# सफाई मित्र सुरक्षा अभियान का हुआ आयोजन

न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत "सफाई मित्र सुरक्षा अभियान" का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत सफाई मित्रों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित और सशक्त बन सके। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जन संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। साथ ही इन योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना, अभिषेक श्रीवास्तव एवं सहज तेनगुरिया ने योजनाओं की जानकारी देते हुए इनके लाभ




समझाए। कार्यक्रम में आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी सहयोगी संस्था, नपा के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, अभिषेक शर्मा एवं उनकी टीम की विशेष उपस्थिति रही। जिन्होंने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है।

## कस्बा बागरोद में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**गंजबासौदा।** सोमवार को कस्बा बागरोद में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर बलिराम यादव के निवास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर बलिराम यादव, अमित श्रीवास्तव, नंद किशोर व्यास, त्रिलोक सिंह ठाकुर, करण चिढ़ार, पूर्व सरपंच मुकेश व्यास, कैलाश विश्वकर्मा, मंडल उपाध्यक्ष दीपक यादव, मदन जैन, हिम्मत लोधी ,मनोज कुर्मी, मोतीराम कुशवाहा उपस्थित रहे।

## लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में डॉ. ओसवाल का सम्मान

# कक्षाओं में ज्यादा नंबर लाने वाले विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में सोमवार को बासौदा शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. विमल चंद ओसवाल के 78 वे जन्मोत्सव पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक बौद्धिक कार्यक्रमों के साथ महाविद्यालय छात्रों एवं संस्था के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नकद राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। ज्ञात हो कि बासौदा शिक्षा समिति के अध्यक्ष और शहर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विमल चंद ओसवाल के जन्मोत्सव का नागरिक अभिनंदन समारोह लालबहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समाज के बुद्धिजीवियों समाज सेवियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। समाज सेवी डॉ. ओसवाल ने महाविद्यालय की प्रत्येक कक्षा में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को 11 हजार रुपये की राशि से सम्मानित करने की घोषणा की।

वहीं संस्था के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को नकद राशि प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. ओसवाल का नागरिक अभिनंदन करते हुए प्राचार्य डॉ. इन्द्रा दुबे, उप प्राचार्य डॉ. पीयूष दुबे, पूर्व प्राचार्य डॉ. एसएन गौर, पूर्व प्राध्यापक डॉ. चौधरी, समिति सदस्य हरि कृष्ण अग्रवाल, अनिल ओसवाल, शांतिप्रकाश ओसवाल सहित समिति पदाधिकारी एवं महाविद्यालय स्टाफ द्वारा प्रदेश की आदिवासी एवं ग्रामीण संस्कृति कला को प्रदर्शित करती कलाकृति भेंट कर किया गया। समिति सदस्य रविंद्र जैन, प्राध्यापक भास्कर दुबे द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में विधि विभागाध्यक्ष आर आर द्विवेदी, कामर्स विभाग प्रमुख डॉ. मनोज सक्सेना, कला संकाय प्रमुख एवं एनसीसी प्रभारी मनीष चांचर, कंप्यूटर विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर वेद प्रकाश स्वर्णकार, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर अजय सेंगर, एन एसएस प्रभारी नम्रता अरोरा, एमएस गुर्जर, कुलेन्द्र श्रीवास्तव, खेल अधिकारी मनीष अहिरवार, हिंदी विभाग से प्रोफेसर दिनकर कद्रे सहित अन्य लोगों ने डॉ. विमल ओसवाल का स्वागत किया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापक गण, कार्यालयीन स्टाफ, लेखपाल, ग्रंथपाल ने शुभकामनाएं दीं।

### मच्छरों की भरमार

**गंजबासौदा।** नगर के पाराशरी नदी किनारे के वार्डों की रहवासी तथा निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। यहां के रहवासियों ने बताया कि शाम होते ही उन्हे अपने अपने घरों के मुख्य दरवाजे, खिड़कियां बंद करना पड़ते है। मच्छरों के चलते खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने नगरपालिका से नगर के सभी वार्डों एवं मुख्य मार्ग, गलियों में कीटनाशक एवं मच्छर मार दवा एवं धुंए का छिड़काव कराए जाने की मांग की है।

# निशुल्क नेत्र शिविर में हुई मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय माता-पिता की स्मृति में नाटू भाई गुजराती, जयाबेन पटेल पुत्र विशाल पटेल, बहु स्नेहल पटेल, वेद एवं परी पटेल गुजराती परिवार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सोमवार को नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। समिति द्वारा गुजराती परिवार का सम्मान शाल श्रीफल और फूल माला पहनाकर किया गया और सहयोग के लिये आभार माना। शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद विदिशा, सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी, डाटा एंट्री ऑपरेटर नीतू श्रीवास्तव, भोपाल से आए डॉक्टर हितेश मिचलानी ने 75 मरीजों की ओपीडी की। जिसमें से 35 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 20 नेत्र रोगियों को जांच



पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गईं तथा 20 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया व दवाईया वितरित की गईं। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, ब्लड प्रेशर जांच महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, सुरेश ताम्रकार, राधे श्याम साहू, प्रवक्ता राजकुमार मलकानी, प्रकाश महेश्वरी, विष्णु ताम्रकार, राम गोपाल गुप्ता, नेतराम मिश्रा, लाल बहादुर ताम्रकार, सुभाष ताम्रकार, हेमंत राय, नाटू भाई, हरिनारायण ताम्रकार, चन्द्रशेखर ताम्रकार, दीपक ताम्रकार, देवी प्रसाद भावसार , खेमचंद मेहता, जगदीश भावसार, देवी लाल कुशवाह, हितकारिणी धर्मशाला मैनेजर रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार मलकानी ने किया और कार्यक्रम का आभार विनीत अरोरा ने व्यक्त किया।

## बीएससी प्राइवेट एडमिशन पोर्टल खोले जाने की मांग

**गंजबासौदा।** शासकीय एसजीएस कॉलेज के विद्यार्थियों ने सोमवार को कुलपति के नाम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेन्द्र कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व वर्षों में विश्वविद्यालय द्वारा सभी महाविद्यालयों में बीए एवं बीएससी के स्वाध्यायी एडमिशन की प्रक्रिया संचालित होती थी, लेकिन वर्ष 2026 सत्र में बीएससी संकाय में स्वाध्यायी प्रवेश नहीं हो पाए हैं। इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं, जिससे उनके भविष्य पर भी असर पड़ रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से बीएससी प्रथम वर्ष के स्वाध्यायी एडमिशन प्रारंभ किए जाएं, ताकि सभी इच्छुक विद्यार्थी लाभान्वित हो सकें। ज्ञापन सौंपने के दौरान छात्र नेता शुभेंद्र सिंह राजपूत, रमन दुबे, मोहित भार्गव, अक्षत श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गुर्जर, शिवराज परिहार सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सिरोंज-लटेरी के हाजियों को दिए मक्का मदीना रुबआत के इजाजत नामे

**सिरोंज।** सिरोंज लटेरी के हाजी साहिबान को मक्का मदीना की टोंक में रूबाते दावत नामे 2026 के हज करने वाले हाजियों को सिरोंज-लटेरी मिलकर 67 हाजी साहिबान को मक्का मदीना की रुबातो के इजाजत नामें दिए गए। यह दावत नामे है जनाब मोइनुद्दीन निजाम साहब सदर हज गाइडेंस समिति टोंक द्वारा दिए गए। वही सिरोंज लटेरी के सभी लोग मोइनुद्दीन निजाम साहब का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं उम्मीद करते हैं आगे भी इसी तरह सिरोंज लटेरी के हाजियों को मक्का मदीना की रुबआत के इजाजत नामे दिए जाते रहेंगे।

### कौशिक बने भाजयुमो के प्रशिक्षण सह प्रभारी

**सागर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। सागर जिले के खुरई निवासी श्रीकांत कौशिक को युवा मोर्चा का प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी बनाया गया है। बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कौशिक का कहना है कि वे पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेदारी को पूरा करेंगे।

### उर्वरक का विक्रय ई-विकास प्रणाली से ही करें

**सागर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय के एक अप्रैल से शत प्रतिशत उर्वरक का विक्रय ई-विकास प्रणाली के माध्यम से करने के दिये गये निर्देशानुसार जिले के समस्त उर्वरक विकेताओं को करने के निर्देश दिए। कलेक्टर संदीप जी आर ने जिले के सभी उर्वरक विकेताओं को उर्वरक का शत प्रतिशत वितरण ई-विकास प्रणाली से ही करने के निर्देश दिए।

## नगर के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र व चर्चित चौराहा की सड़क के हाल बेहाल

# पार्षद के नेतृत्व में परेशान व्यापारियों व रहवासियों ने कर दिया चक्काजाम





### स्थानीय प्रशासन का आश्वासन एक माह में होगा सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज का चर्चित व प्रमुख व्यापारिक क्षेत्र बासौदा नाका चौराहा पर स्थित दुकानदार व रहवासी सड़क के हालात खराब होने व उडनें वाली धूल से इतने परेशान हो गए कि सोमवार को वार्ड पार्षद राम दयाल विश्वकर्मा के नेतृत्व में रहवासियो,दुकानदारो व कांग्रेस नेताओं ने चक्काजाम कर दिया। इस सड़क के हालात को लेकर कई बार वार्डवासी ज्ञापनों के जरिए इस मामले को उठा चुके। लेकिन कोई हल नही निकलते देख सोमवार को बासौदा नाका पर रस्सी बांधकर चक्काजाम करना पडा। वही चक्का जाम समाप्त कराने के लिए तहसीलदार संजय चौरसिया,पुलिस एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुचें और जल्द ही सड़क निर्माण कार्य कराने के लिए एक माह का समय देकर चक्काजाम समाप्त कराया।

#### सड़क निर्माण को लेकर नहीं दिया जा रहा कोई ध्यान

वार्ड पार्षद राम दयाल विश्वकर्मा ने बताया कि इकरा कॉलोनी से बासौदा रोड तक सड़क के हालात काफी खराब होने से आम नागरिक व वार्डवासी काफी परेशान है। सड़क निर्माण को लेकर मेरे द्वारा कई बार नगर पालिका में आवेदन व परिषद की बैठक में प्रस्ताव रखा जा चुका है। लेकिन आज दिन तक सड़क निर्माण कार्य को लेकर कोई प्रयास नही किया गया। इस समय गर्मी के मौसम में सड़क पर जगह जगह गडडे होने से वाहनो के निकलते समय उडनें वाले धूल के कारण दुकानदार व राहगीर परेशान है। लेकिन स्थानीय प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नही है। इस दौरान किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सैफू खान,अशोक यादव,जनपद सदस्य अतीक मंसूरी,गगनेन्द्र रघुवंशी,डॉ सुब्हान गौरी,रजत गौड़,अवध शर्मा आदि मौजूद रहें।

#### काफी लंबे समय से विभागों में उलझी रही सड़क

वार्ड क्रमांक 1 की उक्त सड़क को लेकर स्थानीय प्रशासन,जनप्रतिनिधि व रहवासी काफी लंबे समय से परेशान चल रहें थें कि आखिर उक्त सड़क नगर पालिका,लोक निर्माण विभाग,एमपीआरडीसी आदि किस विभाग के अंतर्गत आती है। इस मामले को लेकर अधिकारी भी स्पष्ट नही बता पा रहे थें न ही जनप्रतिनिधियो को सही जानकारी थी। वही काफी मशक्कत करने के बाद पिछले दो तीन माह पूर्व वार्ड पार्षद राम दयाल विश्वकर्मा ने एमपीआरडीसी को एक पत्र लिखा था। वह पत्र कुछ दिनो तक फाइलो में दबा रहा। वही अभी भी यह ज्ञात हुआ है कि वह पत्र फाइलों में ही दबा हुआ है। अक्सर इस मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों,जनता में काफी बहस चलती रही और गुमराह होकर नागरिको ने कभी नगर पालिका तो कभी एसडीएम कार्यालय में सड़क निर्माण कार्य को लेकर ज्ञापन सौपें। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद नागरिको को यह पता चला कि यह सड़क एमपीआरडीसी में दर्ज है।

#### जिम्मेदार अनजान बनने का करते हैं ढोंग

पार्षद राम दयाल विश्वकर्मा ने बताया कि उक्त सड़क के हालात खराब होने के कारण धूल की विकराल समस्या बनी हुई है। वही राहगीरों को सबसे ज्यादा दिक्कत तब होती है जब बड़े वाहन गुजरते हैं। बड़े वाहनों के पीछे चल रहे लोगों को धूल से कुछ दिखाई नहीं देता है। इससे सामने से आने वाले लोग भी स्पष्ट नहीं दिखाई पड़ते। धूल के चलते लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। दोपहिया, साइकिल व पैदल चल रहे लोगों के लिए हो रही है। इन लोगों की आंखों में धूल के कण चले जा रहे हैं, जिससे दिखाई देने में समस्या हो रही है। कुछ लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है। इसी रास्ते से स्कूली बच्चे भी आते जाते हैं। उनको भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे राहगीरों के साथ-साथ आसपास रह रहे लोगों को भी परेशानी हो रही है। सड़क किनारे बसे लोगों के घर धूल से पट जा रहे हैं। दुकानदार भी परेशान हैं। दुकानों की सफाई दिन में कई बार करनी पड़ रही है। लेकिन फिर भी जिम्मेदार इस सड़क के हालात जानते हुए भी अनजान बनाने का ढोंग करते है।

#### क्या एक माह बाद हो पाएगा सड़क निर्माण?

सोमवार को चक्काजाम के दौरान स्थानीय प्रशासन ने एक माह का समय देते हुए आश्वासन देकर चक्काजाम व प्रदर्शन तो समाप्त कर दिया। लेकिन अब देखना यह है कि क्या स्थानीय प्रशासन एक माह में उक्त सड़क का निर्माण कार्य करा पाएगा या नही। वही यह भी देखने वाली बात रहेगी कि एक माह बाद सड़क निर्माण न होने पर कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी या हवा हवाई हो जाती है।

#### इतने विवाद के बाद भी एमपीआरडीसी बेखबर

काफी लंबे समय से वार्डवासी,दुकानदार सड़क निर्माण को लेकर परेशान है और उनकी सुनने वाला कोई नही है। जब उक्त मामले को लेकर एमपीआरडीसी के इंजीनियर विक्रम सिंह से बात की गई तो उन्होने सड़क के मामले की जानकारी देने से ही मना कर दिया। उनका कहना रहा कि हमारे डीएम साहब ने हमें सख्त निर्देश दिए है कि आप पत्रकारो को किसी प्रकार की कोई जानकारी नही देंगें। इसको लेकर जब एमपीआरडीसी डीएम ईश्वर सिंह से चर्चा करनी चाही तो उनका मोबाईल बंद आया। वही प्रतिनिधि ने जब पुनः इंजीनियर विक्रम सिंह से डीएम साहब मोबाईल बंद आने की बात कही तो उन्होने कहा कि हम मजबूर है आप उन्ही से बात करें। इस मामले हम कुछ जानकारी नही दे पाएगें। ऐसी परिस्थितियो में देखने यह होगा कि आखिर कैसे होगा उक्त सड़क का निर्माण कार्य।

#### इनका कहना है

सड़क निर्माण की मांग को लेकर बासौदा नाका पर चक्काजाम हुआ था। उक्त सड़क एमपीआरडीसी के अंतर्गत आती है। हमनें चक्काजाम कर रहे नागरिको को समझाइश दी कि एक माह में सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा। साथ ही चक्काजाम सपाप्त कराया।

**संजय चौरसिया,**
तहसीलदार सिरोंज।

बासौदा नाके पर सड़क निर्माण की मांग को लेकर चक्का जाम हुआ। हमनें नागरिको को समझाइश देकर उक्त चक्काजाम को समाप्त कराया।

**सुश्री सोनू डाबर,**
पुलिस एसडीओपी सिरोंज।

## मतदान केंद्रों पर पहुंचकर ध्वज फहराकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने निवास पर भाजपा का ध्वज फहराया एवं मतदान केंदो पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा वार्ड क्रमांक 19, रावजी पथ स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 252 पर पहुंचे। जहां उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को पटका उड़ाकर सम्मानित भी किया गया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि आज भाजपा अपना स्थापना वर्ष मना रही है और पार्टी के 47वें वर्ष का शुभारंभ हो रहा है।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नकारात्मक एवं हिंसक प्रवृत्तियों का प्रभाव बढ़ रहा है, ऐसे में हम सभी को एकता और प्रेम के साथ कार्य करना होगा, तभी पार्टी, समाज और देश मजबूत होंगे। उन्होंने बताया कि भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, सामाजिक एवं धार्मिक हितों की रक्षा तथा स्वदेशी जागरण के उद्देश्य से परम पूजनीय गुरुजी की प्रेरणा से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख, सुंदर सिंह भंडारी सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारकों द्वारा जनसंघ की स्थापना की गई थी, जिसका चुनाव चिन्ह ह्यदीपकह्व था। इसके बाद 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। विधायक शर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री सड़क योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू हुईं। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासह्व के मंत्र के साथ देश ने नई दिशा में प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश का नेतृत्व कर रहे हैं और यह हम सभी के लिए आत्ममंथन का विषय है कि पार्टी को उन क्षेत्रों तक भी पहुंचाना है, जहां अभी संगठन नहीं पहुंचा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों, स्वच्छ राजनीति और स्वदेशी के पोषण के लिए भाजपा की रीति-नीति पर चलेंगे। ह्यएकात्म मानववादह्व हमारा सिद्धांत तथा ह्यअंत्योदयह्व हमारा लक्ष्य है और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी संकल्पित हैं। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष रमेश यादव ने विचार व्यक्त किए। इसमें पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति का भाजपा का पटका पहनाकर स्वागत किया तथा मिष्ठान वितरण किया गया। इसमें वार्ड पार्षद वर्षा यादव, मनोज साईंनाथ, लक्ष्मीनारायण शर्मा, संतोष जैन, बलजीत यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 83 लाख की लागत से बन रही दुकानों में घटिया निर्माण का खेल

**निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद नगर परिषद द्वारा 83 लाख रुपए की लागत से बनाई जा रही 26 दुकानों के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार और इंजीनियर की मिलीभगत से काम मनमाने ढंग से किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार नीचे फ़उनडेरशन से लेकर दीवारों की चुनाई में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। सीमेंट की मात्रा कम और रेत अधिक मिलाई जा रही है, जिससे दीवारों की मजबूती संदिग्ध हो गई है। इसके साथ ही, निर्माण के दौरान जरूरी तराई (क्योरिंग) भी समय पर नहीं की जा रही, जो इमारत की टिकाऊपन के लिए बेहद अहम होती है। ऐसी लापरवाही से न सिर्फ दुकानों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग पर रोक लगाई जा सके।

#### शिकायत की है

दुकानों में घटिया निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर मैने पूर्व में कमिश्नर, कलेक्टर के यहां शिकायत की गई थी लेकिन 6 माह में आजतक जांच नहीं की गई। - **कुलदीप शर्मा,** पार्षद

#### कार्रवाई करेंगे

उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्य की जांच की जाती है मैं भी समय समय पर जाकर देखता हूं, मैं जांच करा कर कार्रवाई करता हूं। - **अनिल विदुआ,** सीएमओ नगर परिषद शमशाबाद

## चतुर्थ दिवस में प्रेम पर हुए प्रवचन

**कुरवाई।** मुरलीधर मंदिर में हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव एवं ब्रह्मलीन संत ब्रह्मचारी महाराज की पुण्य स्मृति में आयोजित पंच दिवसीय रामचरित मानस सम्मेलन के चतुर्थ दिवस पर भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।



इस अवसर पर बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महाराज ब्रह्मचारी जी महाराज ने अपने प्रवचन में प्रेम शब्द के आध्यात्मिक एवं जीवनोपयोगी महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सच्चा प्रेम ही भगवान तक पहुंचने का सरल मार्ग है और प्रेम के बिना भक्ति अधूरी है। उनके ओजस्वी एवं प्रेरणादायक विचारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने महाराज श्री के आशीर्वचनों का श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव किया तथा सामूहिक आरती में सम्मिलित होकर भक्ति भाव से प्रभु की आराधना की। आयोजकों द्वारा जानकारी दी गई कि आज सम्मेलन का विश्राम दिवस रहेगा, वहीं दोपहर 2 बजे से कथा का पुनः शुभारंभ किया जाएगा। पूरे आयोजन में धर्म, संस्कृति और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है।

## एआई प्रशिक्षण का द्वितीय चरण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज विदिशा।** जिला प्रशासन द्वारा शासकीय सेवकों को आधुनिक तकनीकों से सशक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण आयोजित किया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि एआई के माध्यम से शासकीय कार्यों में पारदर्शिता, दक्षता और त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने इंजीनियर, उपयंत्री, एमआईएस कोऑर्डिनेटर, प्रोग्रामर एवं अन्य कर्मचारियों को एआई टूल्स का नियमित अभ्यास कर कार्य में निपुण बनने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में सीपीसी एनालिटिक्स के पार्टनर ओंकार साठे ने चैटजीपीटी सहित विभिन्न एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी और प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के समन्वय की जिम्मेदारी ई-दक्ष ट्रेनर चंद्रजीत रघुवंशी ने निभाई।

## उत्कृष्ट छात्रावासों में विषयवार शिक्षकों के लिए आवेदन आमंत्रित

**विदिशा।** मप्र शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के निर्देशानुसार जिले के उत्कृष्ट बालक एवं कन्या छात्रावासों में कोचिंग हेतु विषयवार शिक्षकों से आवेदन मांगे गए हैं। शिक्षकों को प्रति कालखंड 300 रुपए मानदेय दिया जाएगा तथा अधिकतम 20 कालखंड देय होंगे। 9वीं-10वीं के लिए स्नातक एवं 11वीं-12वीं के लिए स्नातकोत्तर में न्यूनतम 60% अंक अनिवार्य हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 7 से 15 अप्रैल तक जिला संयोजक कार्यालय, अनुसूचित जाति विकास विभाग में आवेदन कर सकते हैं।

## मानोरा बीट में सागौन के पेड़ों की हुई अंधाधुंध कटाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर क्षेत्र की मानोरा बीट में वन माफिया बेखौफ होकर सागौन के हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई कर रहे हैं। लगातार हो रही कटाई से जंगलों का स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि वन माफिया दिन-रात सक्रिय हैं और कीमती सागौन के पेड़ों को काटकर आसानी से बाहर ले जा रहे हैं, लेकिन वन विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही। एक ओर सरकार एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर जंगलों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में न तो नियमित गश्त हो रही है और न ही अवैध कटाई रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इस मामले में ग्यारसपुर रेंजर मुस्कान शिवहरे ने कहा कि बीट गार्ड को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी। अब देखने वाली बात यह होगी कि जांच के बाद अवैध कटाई पर प्रभावी रोक लगती है या नहीं। फिलहाल मानोरा बीट के जंगल वन माफियाओं के निशाने पर हैं।

## अपर कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्था

# व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में रबी उपार्जन कार्य को सुचारू एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर द्वारा विभिन्न उपार्जन केन्द्रों एवं गोदामों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने चना एवं मसूर उपार्जन के लिए संचालित पठारी केन्द्र का जायजा लेते हुए वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने संबंधित सोसाइटी प्रबंधकों को निर्देशित किया कि किसानों से उपार्जन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो। तौल, परिवहन, भंडारण एवं भुगतान से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर पारदर्शिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

श्री डामोर ने तारा गोदाम एवं एमएसडी गोदाम भादरबाड़ा का भी निरीक्षण किया। यहां भंडारित उपज की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदामों में साफ-सफाई,



सुरक्षा व्यवस्था एवं उचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त अन्नुपूर्णा वेयरहाउस चक्रपटनी एवं राधाकृष्णन वेयरहाउस का निरीक्षण करते हुए उन्होंने भंडारण क्षमता, स्टैकिंग व्यवस्था एवं निगरानी प्रणाली का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित प्रबंधकों को निर्देशित किया कि सभी मानकों का पालन करते हुए उपज का सुरक्षित भंडारण किया जाए, ताकि किसी प्रकार की क्षति न हो। अपर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों को समय पर भुगतान एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय समेत अन्य विभागों के जिला व खंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम विधायक हरिसिंह सप्रे ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर कुरवाई मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विधायक सप्रे द्वारा पार्टी का ध्वजारोहण कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सप्रे ने अपने संबोधन में इन महान नेताओं के जीवन एवं उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों पर



चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विधायक द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को मिठाइयों का वितरण भी किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और भी उत्साहपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सोनी, विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता हरि सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, मीडिया प्रभारी वरुण चौबे, अर्जुन सिंह राय, उमाशंकर प्रजापति, दीनदयाल कुशवाह, तिलक दांगी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गैरतगंज में लगभग दो किमी लंबा लग गया चक्काजाम, मंडी प्रबंधन और व्यापारियों के खिलाफ किसानों द्वारा जमकर की नारेबाजी

## गैरतगंज मंडी में गेहूं के दाम पर खेल : 2800 से 2200 रुपए क्विंटल तक गिरा भाव, किसानों ने कहा - व्यापारी सिंडिकेट चला रहा पूरा 'सिस्टम'

# किसानों के मसीहा के क्षेत्र में किसानों का 'मरण'

**किसानों का आरोप - मंडी में व्यापारी सिंडिकेट हावी खुलेआम कर रहे मनमानी**

**किसानों ने कहा- व्यापारियों की सुनियोजित तरीके से भाव गिराने की रची साजिश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/गैरतगंज

देश के केंद्रीय कृषि मंत्री और खुद को 'किसान पुत्र' कहने वाले शिवराज सिंह चौहान के विदिशा संसदीय क्षेत्र में किसानों की हालत सवालों के घेरे में है। विदिशा-रायसेन लोकसभा क्षेत्र की गैरतगंज कृषि उपज मंडी में सोमवार को जो कुछ हुआ, उसने किसानों के बीच गुस्सा, निराशा और अविश्वास को और गहरा कर दिया। किसानों का आरोप है कि मंडी में व्यापारी सिंडिकेट हावी है और स्थानीय प्रशासनके अधिकारियों की मौजूदगी में भी खुलेआम मनमानी की जा रही है।

मंडी में गेहूं के दाम को लेकर किसानों का आक्रोश स्टेट हाईवे पर उस समय फूट पड़ा, जब शनिवार को 2800 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका गेहूं सोमवार को अचानक घटाकर 2200 रुपए क्विंटल तक पहुंच गया। किसानों राजवीर सिंह चौहान, खुमान सिंह यादव, मदन लाल सलीम मोहम्मद, रिजहान पठान का कहना है कि यह सामान्य बाजार उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि सुनियोजित तरीके से भाव गिराने की साजिश है।






### दिल्ली में किसान पुत्र का डंका, क्षेत्र में किसान बेहाल

किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि दिल्ली में किसानों के हितों की बात करने वाले जनप्रतिनिधियों को पहले अपने क्षेत्र की मंडियों की हालत देखनी चाहिए। किसानों ने सवाल उठाया कि जब उनके ही क्षेत्र में अन्नदाता अपनी फसल का उचित दाम पाने के लिए चक्काजाम और विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर है, तो फिर योजनाओं और घोषणाओं का जमीनी फायदा आखिर कहां है ? सोमवार को मंडी में बना तनावपूर्ण माहौल इस बात का संकेत था कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो किसानों का असंतोष और बढ़ सकता है।

### किसान-व्यापारी के साथ बैठक

गेहूं खरीदी को लेकर किसानों ने परेशानियां बताई थीं, जिनके निराकरण के लिए मंडी समिति, किसान संगठन के प्रतिनिधियों और व्यापारियों के साथ बैठक कर चर्चा की गई है। मंडी सचिव को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। किसान चिंता न करें। **- नरेश सिंह राजपूत,** तहसीलदार।

### 2600 रुपए खरीद का आश्वासन, मंडी पहुंचते ही पलटे व्यापारी

किसानों के मुताबिक विवाद बढ़ने पर तहसीलदार नरेश सिंह राजपूत और थाना प्रभारी डीपी लोहिया की मौजूदगी में व्यापारियों की ओर से 2600 रुपए प्रति क्विंटल तक गेहूं खरीदी का भरोसा दिया था। लेकिन मंडी में पहुंचते ही कई व्यापारी अपने वादे से पीछे हट गए, इससे किसानों का गुस्सा और बढ़ गया। किसानों ने इसे प्रशासनिक अधिकार को खुली चुनौती बताया। किसानों का आरोप है कि अनाज मंडी में एक रसूखदार व्यापारी का 'छाया शासन' चल रहा है। उनका कहना है कि जब तक उस रसूखदार अनाज व्यापारी की ओर से संकेत नहीं मिलता, तब तक नीलामी की बोली आगे नहीं बढ़ती। कृषि उपज मंडी समिति के अधिकारी भी कथित तौर पर उसी के इशारों पर काम करते हैं। यही वजह है कि नियम-कायदों की जगह मंडी में 'रसूख' और 'सिंडिकेट' का राज दिखाई दे रहा है।

### किसानों ने उठाए बड़े सवाल

किसानों के बीच बड़ा सवाल यही है कि केंद्रीय कृषि मंत्री के अपने संसदीय क्षेत्र में ही किसान अपनी उपज का उचित दाम पाने के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है, तो फिर बाकी प्रदेश और देश के किसानों की स्थिति क्या होगी? इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। यदि प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में भी व्यापारी तयशुदा भाव से पीछे हट जाएं और उनके खिलाफ तत्काल कोई कार्रवाई न हो, तो यह सीधे-सीधे सिस्टम की विफलता है।

### किसानों की चेतावनी यदि व्यापारियों की मनमानी पर रोक नहीं लगी, तो करेंगे उग्र आंदोलन

कृषि उपज मंडी गैरतगंज में गेहूं उपज की समय पर तुलाई नहीं होने और उपज के उचित दाम नहीं मिलने से किसानों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। बड़ी संख्या में नाराज किसान मंडी परिसर से निकलकर सागर-भोपाल स्टेट हाईवे पर उतर आए और नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। आंदोलन में करीब डेढ़ हजार किसानों के शामिल होने से हाईवे पर लगभग 2 किलोमीटर लंबा चक्काजाम लग गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि तुलाई व्यवस्था में सुधार, उचित दाम और व्यापारियों की मनमानी पर रोक नहीं लगी।तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र हो सकता है। मंडी की इस अव्यवस्था ने एक बार फिर किसानों की परेशानियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र की प्रमुख नप में लंबे समय से नहीं उपयंत्री




**बरेली।** नर्मदा क्षेत्र की सबसे बड़ी और प्रमुख नप जो आने वाले दिनों में नगर पालिका बनने वाली है।

■ प्रभारी उपयंत्री के भरोसे चल रहे निर्माण, विकास कार्य प्रभावित

लंबे समय से उपयंत्री का पद रिक्त और उदयपुरा में पदस्थ उपयंत्री के प्रभार में कामकाज चल रहा है। न.प. में लाखों करोड़ों के कार्य चल रहे है। करोड़ों की राशि के कार्य शुरु होगें परन्तु पूर्ण कालिक उपयंत्री न होने से निर्माण कार्यों की देखरेख गुणवत्ता और भविष्य में होने वाले कार्यों की गति धीमी बनी हुई है। पिछले 8-10 महीनों से नप में उपयंत्री का पद रिक्त होन के साथ उदयपुरा के उपयंत्री बरेली में प्रभारी के रूप में कार्य देख रहे है। बरेली न.प. में निर्माण और विकास कार्य अधिक है। जिनकी नियमित देखरेख, गुणवत्ता की जाँच होना चाहिए। परन्तु उपयंत्री के पास समय की कमी से सब कुछ ठेकेदार पर ही रहता है। नगर में निर्माण कार्यों की झड़ी लगी हुई है। ऐसे में पूर्ण कालिक उपयंत्री के न होने से गुणवत्ता, भविष्य के निर्माण कार्य, निर्माण कार्यों के स्टीमेंट और विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्य प्रभावित बने रहने की संभावना है।

### किसानों की सात मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**रायसेन।** किसानों की विभिन्न सात सूत्रीय समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ जिला ईकाई द्वारा सोमवार को दोपहर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा के समीप धरना दिया। इसके बाद मध्यप्रदेश ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर त्वरित समाधान की मांग की है। इसके पूर्व भारतीय किसान संघ ने ज्ञापन में गेहूं खरीदी, सहकारी ऋण, नरवाई जलाने पर एफआईआर सिंचाई परियोजनाओं और मूंग खरीदी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। किसान संघ ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में आंदोलन तेज किया जा सकता है। ज्ञापन के अनुसार किसानों ने मांग की है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शीघ्र शुरू की जाए और 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी की जाए।

फंदों सहित मृत पक्षी जब्त, प्रकरण दर्ज

## कार्रवाई : तीतर शिकार मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**मुखबिर की सूचना पर वन अमले ने दी थी दबिश, मौके पर ही पकड़ाए दो आरोपीगण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

डीएफओ प्रतिभा शुक्ला के निर्देशन व उप वनमंडलाधिकारी सिलवानी इंदर सिंह बारे के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी द्वारा वन्यजीव संरक्षण को लेकर सख्त कार्रवाई की गई।

मुखबिर से प्राप्त सूचना पर वन अमले ने बीट गैलपुर के कक्ष क्रमांक आर एफ 132 में दबिश देकर अवैध शिकार के मामले में कार्रवाई करते हुए मौके से एक मृत तीतर तथा वन्यजीवों को फंसाने लगाए 4 फंदे बरामद किए। इस मामले में 2 आरोपियों श्रीलाल आदिवासी उम्र 42 वर्ष, निवासी उमरहरी तहसील बेगमगंज तथा बसंत आदिवासी उम्र 24 वर्ष, निवासी नयाखेड़ा, जिला सागर को गिरफ्तार किया गया।

वन विभाग द्वारा आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध दर्ज कर उन्हें न्यायालय रायसेन में पेश किया जा रहा है। इस पूरी कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी पश्चिम सिलवानी महेंद्र कुमार पालेचा के नेतृत्व में वन अमले की सक्रिय भूमिका रही। टीम में परिक्षेत्र सहायक गोवर्धन दास जाटव, वन रक्षक जुबेर खान, स्थायी कर्मी मनीष शर्मा सहित अन्य सहयोगी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## 'नाबालिग' को भगाकर ले जाने वाला आरोपी साइबर लोकेशन के जरिए चढ़ा पुलिस के हत्थे

**4 शहरों में काटी फरारी, लोकेशन बदल बदल कर पुलिस को दे रहा था चकमा**

**आरोपी का हुआ डीएनए, नाबालिग के बयान लेकर माता-पिता के सुपुर्द किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

9 महीने से लोकेशन बदलकर रह रहे आरोपी को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी युवक सलामतपुर के नजदीकी गांव से एक नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले गया था। सोमवार को आरोपी युवक का मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया। वहीं नाबालिग के बयान न्यायालय में होने के बाद माता पिता के सुपुर्द कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी 33 वर्षीय गोवर्धन उर्फ गोलू राजपूत पिता रामनाथ सिंह निवासी इंदौर हाल निवासी नलखेड़ा दीवानगंज के एक ढाबे पर काम करता था। वह 16 जून 2025 को एक 15 वर्षीय नाबालिग बालिका को भगाकर ले गया था। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने साइबर लोकेशन के आधार पर आरोपी को ग्राम नलखेड़ा राजगढ़ से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।



चूंकि मामला नाबालिग बालिका से जुड़ा हुआ होने की वजह से पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने आरोपी युवक को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई जिसमें सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, दीवानगंज चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, एएसआई रमेश रैकवार, एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र राजपूत, मंगलेश मालवीय, आरक्षक संदीप रघुवंशी और महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी को शामिल किया।

**इनका कहना है**

नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी गोवर्धन बार बार अपनी लोकेशन बदल रहा था, इसलिए उसे पकड़ने में काफी समय लग गया।
- दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।

### 9 महीने से लोकेशन बदलकर दे रहा पुलिस को चकमा

आरोपी गोवर्धन उर्फ गोलू नाबालिग को 9 महीने पहले भगाकर ले गया था। आरोपी ने 9 महीने तक भोपाल, राजगढ़, ब्यावरा, शिवपुरी सहित 4 से 5 शहरों में रहकर फरारी काटी। इस दौरान उसने कई जगह मजदूरी भी की। आरोपी अपना मोबाइल अधिकतर बंद ही रख रहा था। और बार बार सिम भी बदल रहा था। जिसकी वजह से पुलिस भी आरोपी को नही पकड़ पा रही थी। लेकिन सोमवार के दिन आरोपी गोवर्धन की लोकेशन साईबर सेल की मदद से मिल गई। और पुलिस टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर ग्राम नलखेड़ा जिला राजगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम साँचेत तहसील व जिला रायसेन स्थित भूमि खसरा नं. 134/2 रकबा 0.8250 हेक्टेयर व खसरा नं. 134/3 रकबा 0.8250 हे., खसरा नं. 134/4 रकबा 1.6520 हे. जो राजस्व प्रपत्रो में भागवती बाई पत्नी घासीराम गुर्जर निवासी ग्राम बिलखिरिया तहसील हुजूर जिला भोपाल के नाम भूमि स्वामी व आधिपत्य धारी की हैसियत से दर्ज है, जिसका सौदा मेरे पक्षकार ने अनुबंध पत्र निषपादित कर बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था, बैंक, सोसायटी, शासकीय या गैर शासकीय संस्था का कोई बकाया या किसी प्रकार की लेनदारी या उसके पति घासीराम से हो तो वो मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर 07 दिवस में निराकरण करावे अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई, आपत्ति मान्य नही की जावेगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि को क्रय कर विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा। ताकीद जाने।

भवदीय **मसरूर कमाल**
एडवोकेट, रायसेन
कार्यालय जिला न्यायालय के सामने साँची रोड रायसेन म.प्र. मो.नं. 9926331377

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम घाटला प.ह.न. 30 तहसील व जिला रायसेन स्थित भूमि खसरा नं. 88/2 रकबा 2.203 हेक्टेयर भूमि में से रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि क्रय करने हेतु अनुबंध पत्र भूमि स्वामी नेतराम, मोहर सिंह एवं लखन पुत्रगण प्यारेलाल जाति लोधी निवासी ग्राम माखनी तहसील व जिला रायसेन म.प्र. से करके बयाना राशि का भुगतान कर दिया है उक्त भूमि विक्रेतागण के नाम शासकीय प्रपत्रो में समान रूप से 1/3 भाग पर दर्ज है। उक्त भूमि के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय या गैर शासकीय बैंक, सोसायटी आदि का कोई लेन-देन या बकाया अथवा रहन, दान, वसीयत आदि हो तो वह इस सूचना पत्र के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति का निराकरण करा ले अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार उक्त अनुबंधित भूमि का विकय पत्र अंकित व रजिस्ट्री करा कर आधिपत्य प्राप्त करलेगा बाद में कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी। ताकीद जाने।

भवदीय **मसरूर कमाल**
एडवोकेट, रायसेन
कार्यालय जिला न्यायालय के सामने साँची रोड रायसेन म.प्र. मो.नं. 9926331377

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को इस सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने ग्राम नसीरउद्दीनखेड़ा तहसील व जिला रायसेन स्थित भूमि खसरा नं. 248 रकबा 3.4840 है. व खसरा नं. 253 रकबा 1.4730 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 249 रकबा 0.7740 हे. कुल किता-3 कुल रकबा 5.731 हेक्टेयर बराबर 14.16 एकड जो कि राजस्व प्रपत्रो में सुरेन्द्र सिंह भदौरिया एवं रामभरोसे सिंह भदौरिया के नाम पर बा-हिस्सा बराबर दर्ज है। जिसे विक्रय करने का लिखित अनुबंध पत्र सुरेन्द्र सिंह के पुत्र ओमेन्द्र सिंह व धर्मेन्द्र सिंह भदौरिया व रामभरोसे सिंह पुत्र बहोरन सिंह भदौरिया निवासी वार्ड नं. 13 अशोक नगर रायसेन ने मेरे पक्षकार से करके अनुबंध पत्र निष्पादित कर टोकन बयाना राशि प्राप्त कर ली है। यदि किसी व्यक्ति या संस्थान, शास-ाकीय या गैर शासकीय बैंक, सोसायटी का कोई लेन-देन उक्त व्यक्तियों से हो तो वह अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अन्दर दर्ज करा कर निराकरण करा ले अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी और मेरा पक्षकार उक्त अनुबंधित भूमि का विक्रयू-पत्र अंकित व रजिस्ट्री कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा। ताकीद जाने।

भवदीय **मसरूर कमाल**
एडवोकेट, रायसेन
कार्यालय जिला न्यायालय के सामने साँची रोड रायसेन म.प्र. मो.नं. 9926331377

## समर्थन मूल्य पर एक दिन पूर्व 9 अप्रैल से शुरू होगी खरीद तौल

◆ आज से स्लाट होगें बुक, गोदामों के बाहर गेहूं के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सरकार ने 10 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद शुरू होन की घोषणा की थी। समीक्षा बैठक के बाद अब एक दिन पूर्व 9 अप्रैल से गेंहू की खरीद और तौल प्रारंभ होगी। आज 7 अप्रैल से किसान गेंहू बैचने स्लाट बुक करना शुरु कर सकते है। एक अप्रैल से गेहूं की खरीद शुरु होना थी। इसी उम्मीद में किसानों ने गोदामों के बाहर खुले में गेहूं के ढेर लगाना शुरु कर दिए थे। तिथि बढ़ने व बादलों के कारण लगे ढेरों पर पन्नी ढांक कर किसानों द्वारा सुरक्षा और रखवाली की जा रही है।

पिछले वर्षो से समर्थन मूल्य पर गेंहू, मूंग, धान, चना की खरीद तौल के लिए वेयर हाउसों को ही खरीदी केन्द्र बनाया जाने लगा है, जिससे परिवहन का खर्च कम हो गया है।

वेयर हाउस संचालक, खरीद संस्था और नागरिक आपूर्ति निगम की संयुक्त जिम्मेदारी में समर्थन मूल्य पर एफएक्यू जींस की खरीद होती है। इसके लिए खरीद से पूर्व सर्वे पर उपज की गुणवत्ता जांचने उसे पास या फेल करते है। इसी में उपरी कमाई का खेल शुरु हो जाता है।

**गोदामों में स्थान की कमी**

जमकर खरीदी से गौदामों में मूंग, धान का स्टाक भंडारण पूर्व से बना हुआ है। गेंहू की गुणवत्ता पूर्ण खरीद और उसकी सही तौल और भंडारण समय पर हो पाएगा अथवा पूर्व से बना हुआ ढर्रा बना रहेगा चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

## हादसा: फैक्ट्री चौराहा के पास कार-ऑटो की टक्कर, नहीं हुई कोई जनहानि

**दीवानगंज।** रविवार देर शाम एक कार और लोडिंग ऑटो की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए

जानकारी के अनुसार भोपाल-विदिशा हाईवे-18 पर चौकी अंतर्गत फैक्ट्री चौराहा के पास स्थित फॉल्कन गार्डन के समीप कार और ऑटो आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों को खासा नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

वहीं दोनों वाहन चालकों के बीच आपसी समझौता हो जाने के कारण किसी भी पक्ष ने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज नहीं कराई।

हवा के साथ फैली नरवाई में लगी आग

## हार्वेस्टरों से हो रही थी गेहूं की कटाई, तभी लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को खेत में खड़ी गेहूं फसल आग लगने से जल कर राख हो गई। ग्राम कामतौन में 4 किसानों की लगभग 10-12 एकड़ में खड़ी गेंहू की फसल जल जाने से लाखों का नुकसान हुआ।

जानकारी के अनुसार ग्राम कामतौन में महेंद्र पालीवाल, अवनीश पालीवाल ने खेत कोली दिया था। साथ ही परसराम अहिरवार, भैयालाल मांडरे के खेतों में आग लग गई। किसान हार्वेस्टर से अपना गेंहू कटवा रहे थे, तभी आग लगी और आग ने अन्य खेतों को भी चपेट में ले लिया। तहसीलदार, नायव तहसीलदार, पटवारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बना कर नुकसान का आंकलन किया।

पार्टी का ध्वज फहराने के साथ वरिष्ठ नेताओं का किया सम्मान

## भाजपा ने उत्साह से मनाया 47वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भाजपा जिला कार्यालय रायसेन में सोमवार को पार्टी का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ उत्साह जनक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कार्यालय भवन पर सम्मान के साथ पार्टी का ध्वज फहराया, इसके पश्चात कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। हम बड़े सौभाग्यशाली हैं कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का स्थापना दिवस मनाते हुए अपने आप में गर्व महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पार्टी के दो सांसद हुआ करते थे और अब देखो तो हमारी कई राज्यों में सरकार है, देश में हमारी सरकार है और लाखों की संख्या में पार्टी के कार्यकरता संगठन से जुड़कर कार्य कर रहे हैं।




कार्यक्रम में जनसंघ के समय के वरिष्ठ नेताओं का जिलाध्यक्ष शर्मा ने शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया। वहीं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को लाइव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाह, कन्हैयालाल सूरमा, सुभाष जैन, उपाध्यक्ष राकेश तोमर, महामंत्री दीपेंद्र पाल, नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, मंजू सिंह कुशवाह, राजेश पंथी, आदित्य शर्मा, जीतू ठाकुर, मीडिया प्रभारी सीएल गौर सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हर्ष उल्लास से मनाया भाजपा स्थापना दिवस



**बाड़ी।** भाजपा का 47वां स्थापना दिवस हर्ष उल्लास से मनाया। मुख्य कार्यक्रम मंडल कार्यालय पर आयोजित किया। कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी ध्वज फहराया और पार्टी को निरंतर मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष सरबजीत सिंह अटवाल ने पार्टी का ध्वज फहराया तथा कार्यकर्ताओं को मिष्ठान वितरित किया। श्री अटवाल ने कार्यकर्ताओं को पार्टी को निरंतर मजबूत करने तथा निष्ठा पूर्वक पार्टी हित में कार्य करने का आह्वान किया।